# O. P. JINDAL SCHOOL, RAIGARH (CG) 496 001, INDIA

Phone: 07762-227042, 299255, JSP ICM No. 49802, 49809; website: https://www.opjsrgh.in; e-mail: opjs.raigarh@jindalsteel.com

| Term 1/ Half Yearly Assessment-2025-26 (Sample Question Paper) | |
|---|---|
| SUBJECT: HINDI | Class –IV |
| Time – 3 hours | MM-80 |

**प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़कर सुंदर एवं स्पष्ट अक्षरों में उत्तर लिखिए|**

प्रश्न 1 –निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–

मनुष्य का जीवन परिश्रम पर आधारित है। जो व्यक्ति परिश्रमी होता है , वह हर कठिनाई का सामना धैर्यपूर्वक करता है। परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होती है। आलसी व्यक्ति सदैव दूसरों पर निर्भर रहता है और कभी जीवन में उन्नति नहीं कर पाता। मेहनती व्यक्ति का समाज में आदर होता है। इसलिए हमें सदैव परिश्रमी बनने का संकल्प लेना चाहिए।

क) मनुष्य का जीवन किस पर आधारित है?

अ) भाग्य पर ब) परिश्रम पर स) आलस्य पर

ख). आलसी व्यक्ति कैसा होता है?

अ) मेहनती ब) निर्भर स) प्रसन्नग). परिश्रम से क्या प्राप्त होता है?

अ) धन ब) विद्या स) सफलता

. मेहनती व्यक्ति का समाज में क्या प्राप्त होता है ?

अ) उपेक्षा ब) आदर स) दुख

5. इस गद्यांश का मुख्य संदेश क्या है?

अ) आलस्य का महत्व ब) परिश्रम का महत्व स) मित्रता का महत्व

प्रश्न –2 सही विकल्प चुनकर निशान लगाइए

क) मन के भोले भाले बादल' कविता के कवि कौन हैं?

(अ) हरिवंश राय बच्चन (ब) सुभद्राकुमारी चौहान (स) सोहनलाल द्विवेदी

ख) कविता में बादलों को कैसा कहा गया है?

(अ) चालाक (ब) भोले–भाले (स) शरारती

ग) **जैसा सवाल वैसा जवाब** यह कहानी किसकी है?

(अ) अकबर और बीरबल की (ब) तेनालीराम की (स) पंचतंत्र की

घ) कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

(अ) झूठ नहीं बोलना चाहिए (ब) घमंड करना चाहिए (स) बुद्धिमानी से उत्तर देना चाहिए

ड.) बच्चे किस खेल के लिए गेंद चाहते थे?

(अ) कबड्डी (ब) फुटबॉल (स) क्रिकेट

च) गेंद किसकी बनी थी ?

(अ) किरमिच की (ब) प्लास्टिक की (स) कागज की

छ) पापा जब बच्चे थे" यह कहानी किसके बचपन की है?

(अ) दादी की (ब) पापा की (स) माँ की

ज) पापा को किसका ठेला पसंद आया ?

अ) गुपचुप का ब) फल का स) आइसक्रीम का

झ) दोस्त की पोशाक" कहानी के दोस्त का नाम क्या है?

अ) मोहन ब) जमाल साहब ब) अकबर

ट) पोशाक का अर्थ होता है –

अ) पहनने का कपड़े ब) परदा का कपड़ा स) बिछाने का कपड़ा

ठ) हर्ष का अर्थ है –

अ) खुशी ब) डर स) गुस्सा

ढ) नाव बनाकर बच्चे क्या करेंगे?

(अ) पानी में तैराएँगे (ब) सजाएँगे (स) गीत गाएँगे

प्रश्न 3 -खाली स्थान भरिए।

क) -------के द्वारा हम अपनी बात एक दूसरे तक पहुंचाते हैं।

ख) हिन्दी भारत की ------भाषा है ।

ग) नाम बताने वाले शब्द ------कहलाते हैं ।

घ) संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द --------कहलाते हैं ।

ड.) विशेषता बताने वाले शब्द ----------कहलाते हैं ।

च) गायक का स्त्रीलिंग रूप ----------है ।

छ) अध्यापक का बहुवचन शब्द -----------है ।

प्रश्न 4- सही जोड़ी मिलाइए (विशेषण और विशेष्य )

| | |
|---|---|
| क ) ठंडी | किताब |
| ख ) छोटा | पहाड़ |
| ग ) ऊँचा | आइसक्रीम |
| घ ) नई | खरगोश |

खंड- 'ब'   विषयनिष्ठ प्रश्न

1   दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्दों को चुनकर लिखिए ।

क .कोयल पेड़ पर बैठी है ।

ख .गीता मेरी बहन है ।

ग .ललिता जापान गई ।

2 प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

क)  बादल नदी-नालों में बाढ़ कैसे लाते होंगे?
ख)  कुछ दरबारी बीरबल से क्यों जलते थे?
ग)  दीपक ने गेंद को अपना बताने के लिए उसके बारे में कौन-कौन सी बातें बताई?
घ)  कौन-कौन से कामों में रात को जागना पड़ता है ?
ङ)  सच्चे मित्र की क्या पहचान होती है ?

प्रश्न -3 दिए गए शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

i नारी -

ii फूल -

iii हवा -

iv माँ -

प्रश्न-4 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।

मेरा प्रिय खेल , मेरा प्रिय मित्र , स्वतंत्रता दिवस

प्रश्न -5 अपने नए विद्यालय के बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखो ।

अथवा

आपने नया घर खरीदा है ।कक्षा अध्यापिका को प्रार्थना -पत्र लिखकर अपने नए पते की सूचना दीजिए ।

प्रश्न -6 दिए गए चित्र को देखकर उसका वर्णन 5 वाक्यों में कीजिए ।

